Title: Request for transfer of Basic teacher in home-district

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है । माननीय सभापति महोदय हमारे संसदीय क्षेत्र के दोनों जनपद श्रावस्ती-बलरामपुर आकांक्षी जनपद हैं । दोनों जनपद के बेसिक अध्यापक-अध्यापिकाएं जो 400-500 किलोमीटर दूर के जनपदों से आकर शिक्षित करने का कार्य करते हैं । बेसिक अध्यापक-अध्यापिकाओं के अंतर-जनपदीय स्थानांतरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है । परंतु अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है, केवल आकांक्षी जनपद को छोड़ कर सारे जनपदों का स्थानांतरण गृह जनपद में होता रहता है ।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि इन बेसिक अध्यापक-अध्यापिकाओं का अपने गृह जनपद में स्थानांतरण कराने का कष्ट करें । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: श्री वी. के. श्रीकंदन ? उपस्थित नहीं ।

श्री राजू बिष्ट ।